गांव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत मलगांव में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम संपन्न

प्रशांत सिरसाठ इन्दौर समाचार खेतिया खेतिया। खेतिया (पानसेमल विधानसभा क्षेत्र)। भाजपा मंडल खेतिया द्वारा गांव चलो घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत आज ग्राम मलगांव में व्यापक जनसंपर्क एवं जनसेवा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव में घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए सार्थक चर्चा की गई। साथ ही ग्राम के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्धता भी दोहराई। इस अवसर पर विधायक द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ भी वितरित किए गए। अभियान के अंतर्गत बूथ क्रमांक 23 एवं 28 पर विशेष रूप से घर-घर संपर्क कर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई, जिससे आमजन में विश्वास एवं सहभागिता का वातावरण मजबूत हुआ। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी राजेंद्र जी सितोले, कौशिक पटेल, हेमराज पाटिल, मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनिस, पानसेमल मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन, प्रेम राठौड़, अजय निकुम, जगदीश भंडारी, पंडित माली, नवल वास्कले, किशन पटेल, मनीष चौहान, राकेश भोसले, मुन्ना बादल, विजय चौधरी, संग्राम चौहान, किशन भोसले, दीवान भोसले, देव नावड़े, कक्कू नावड़े, सोनू भंडारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

अलीराजपुर का गौरवः ऋषभ जोशी ने IIM कोझिकोड से MBA कर रचा इतिहास

अलीराजपुर। जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण तब आया, जब प्रतिभाशाली युवा ऋषभ जोशी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड के 28वें दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) की प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त की। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे अलीराजपुर जिले और श्रीगौड़ शहेरा ब्राह्मण समाज के लिए गर्व का विषय बन गई है। ऋषभ जोशी ने वर्ष 2023 से 2025 के सत्र में E&ecutive Post Graduate Programme (EPGP) जैसे चुनौतीपूर्ण कोर्स को नौकरी के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता श्री राजेश गजानंद जोशी का मार्गदर्शन, संस्कार और निरंतर प्रेरणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। परिवार के त्याग और समर्थन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि टी. वी. नरेंद्रन (एमडी एवं सीईओ, टाटा स्टील) द्वारा उन्हें डिग्री प्रदान की गई, जिससे यह क्षण और भी विशेष बन गया। उल्लेखनीय है कि आईआईएम कोझिकोड ने हृद्धऋन्न रैंकिंग 2026 में प्रबंधन श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जिससे इस संस्थान की प्रतिष्ठा और भी बढ़ जाती है। ऋषभ जोशी की यह सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। यह उपलब्धि संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से सफलता की नई ऊँचाइयाँ हासिल की जा सकती हैं। श्रीगौड़ शहेरा ब्राह्मण समाज सेवा समिति एवं सर्व ब्राह्मण समाज आलीराजपुर की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है। ऋषभ जोशी की यह उपलब्धि न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे अलीराजपुर के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक बन गई है।

बड़ी कार्रवाईः लापरवाही पर सोनकच्छ के बीएमओ डॉ. राकेश कुमार निलंबित

सोनकच्छ। प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए संभागायुक्त आशीष सिंह ने शासकीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर बड़ी कार्रवाई की है। विकासखंड सोनकच्छ के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई ऋतुराज सिंह द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की गई। कलेक्टर की रिपोर्ट में बीएमओ द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही का उल्लेख किया गया था, जिस पर संभागायुक्त ने संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया।

निलंबन आदेश के प्रमुख बिंदु-यह कार्रवाई मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के तहत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान डॉ. राकेश कुमार का मुख्यालय क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाएं, उज्जैन संभाग निर्धारित किया गया है। नियमानुसार उन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

वैकल्पिक व्यवस्था-सोनकच्छ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए संभागायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि आगामी आदेश तक जिला देवास के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा व्यवस्थाओं का संचालन किया जाएगा।

स्पष्ट प्रशासनिक संदेश-इस कार्रवाई को प्रशासन की सख्ती के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्पष्ट संकेत है कि शासकीय दायित्वों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विद्यालयों में 19 अप्रैल को होगी प्रवेश परीक्षा

बड़वानी। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संभागीय मुख्यालय पर संचालित ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6ठी में ऑफ्लाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक जिला मुख्यालय पर निर्धारित परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की जाएगी। जिन छात्र, छात्राओं द्वारा ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में कक्षा 6ठी में प्रवेश के लिए परीक्षा 2026-27 के लिए आवेदन किए गए हैं वे प्रवेश पत्र लिंक से डाउनलोड कर निर्धारित परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर 1 घण्टे पूर्व उपस्थित होना होगा।

व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का ध्येय संघ कि शाखा से है संभव - मालवा प्रांत समरसता प्रमुख

कुक्षी - राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर कुक्षी खण्ड का प्रमुख जन नागरिक गोष्ठी का कार्यक्रम वृंदावन गार्डन में आयोजित किया गया। खंड स्तर पर आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में समाज एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को लेकर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ, जिसमें खंडचालक जयंतीलाल सेप्टा, राजेन्द्र पाटीदार जिला संघ चालक, धर्मेंद्रसिंह मोर्य (मालवा प्रांत समरसता प्रमुख) की उपस्थिति में मां भारती के तेल चित्र पर दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

गोष्ठी में सामाजिक एकल गीत 'ले चले राष्ट्र जनों...' की प्रस्तुति गंगनजी अरोड़ा द्वारा दी गई, जिसने वातावरण को राष्ट्रभक्ति से

खंड स्तरीय प्रमुख जन गोष्ठी संपन्न

ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा द्वारा किया गया। धर्मेंद्रसिहं मोर्य ने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के विचारों के अनुसार राष्ट्रभक्ति की कमी के कारण समाज कई बार भटक जाता है। स्थायी समाधान के लिए समाज को राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संघ की शाखाएं हमेशा खुले में लगती हैं और संगठन पारदर्शिता के साथ कार्य करता है। प्रतिबंधों के बावजूद संघ अपने ध्येय पर अडिग रहा है। साथ ही कहा कि जहां भी समाज या राष्ट्र पर संकट आएगा, वहां स्वयंसेवक सदैव खड़े रहेंगे।मप्र मे 1933-1934 महाकाल शाखा प्रारंभ हुई पहले प्रचारक दिगम्बर राव जी तिजारे के माध्यम से यही से पुर्तगालीयो से गोवा की आजादी मे पहली गोली खाने वाले प्रचारक भी निकाले। गोष्ठी में यह भी कहा गया कि संघ का कार्य धैर्य, अनुशासन और परिपक्वता पर आधारित है तथा यह एक तत्ववादी संगठन है, जो राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिज्ञासु सत्र में लडकियों महिलाओ के बीच संघ की क्या गतिविधी संचालित है ? प्रश्न के उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय सेविका समिति मातृ शक्ति के लिए कार्य करने वाला संगठन है वहीं प्रबुद्धजन द्वारा किए गए प्रश्नों का संतोषप्रद जवाब दिए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में कार्य करने के संकल्प के साथ वंदेमातरम गीत गाकर किया गया इस अवसर बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

नर्मदा तट पर 110 करोड़ की परियोजना को मिली रफ्तार

महेश्वर।(इंदौर समाचार सुनिल गाडगे)। मध्य प्रदेश शासन द्वारा नगर को देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। नर्मदा तट स्थित ज्वालेश्वर मंदिर क्षेत्र में प्रस्तावित 'अहिल्या लोक' परियोजना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। करीब 110 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 15 एकड़ भूमि पर धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन सुविधाओं का समग्र विकास किया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्माण कार्य के लिए लगभग 36 करोड़ 94 लाख रुपए के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। इस कार्य में भवन निर्माण के साथ-साथ बाहरी विद्युतीकरण, एयर कंडीशनिंग, लैंडस्केपिंग और फायर फाइटिंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं शामिल होंगी।

नर्मदा परिक्रमा के दौरान मां नर्मदा, शिव स्वयं परिक्रमा वासी के साथ होते हैं- पंडित निलेश उपाध्याय।

नर्मदा पुराण कथा के शानदार आयोजन का समापन

ईफराज कुरैशी, कुक्षी। अखिल भारतीय दशोरा नागर समाज मध्यप्रदेश बैनर तले कुक्षी दशोरा नागर समाज के सौजन्य से नगर के सब्जी मंडी में नर्मदा पुराण कथा का आयोजन किया गया।

कथा के अंतिम दिन की कथा सुनाते हुवे विद्वान पंडित कथाकार निलेश उपाध्याय ने व्यासपीठ से कथा श्रावकों से कहा कि यहाँ जो कथा श्रवण करने के लिए जो उपस्थित हुवे सभी पुण्य आत्मा हैं जिन्हें नर्मदा जी की पुराण कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आप सभी सौभाग्यशाली हैं क्योंकि इस भीषण गर्मी में आप घर का सुख सुविधा छोड़कर कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में आएं हैं। मां नर्मदा निश्चित ही आप सभी का कल्याण करेगी। कलयुग में पुण्य सलिला मां नर्मदा एकमात्र जीवंत स्वरूपा देवी हैं जो अपने भक्तों का कल्याण करने वाली हैं। नर्मदा तट पर तप करने से ना केवल मां नर्मदा प्रसन्न होती हैं बल्कि शिव भी भक्तों का कल्याण करते हैं। नर्मदा परिक्रमा के दौरान स्वयं शिव परिक्रमावासी के साथ हो जाते हैं। आगे की कथा सुनाते हुवे पंडित निलेश उपाध्याय ने व्यासपीठ से अंतिम दिन अमरकंटक से ओंकारेश्वर तक की परिक्रमा का महत्व बताया। रास्ते में नर्मदा तट के कुकुरामठ,मधुबनी,दुधी संगम, सांगाखेड़ा, नर्मदापुरम,नाभी तट(हंडिया), पुनासा,सात मात्रा, ओंकारेश्वर व ममलेश्वर आदि नर्मदा तट तीर्थो का महत्व बताया। इस दौरान उन्होंने कई प्रासंगिक सहकथा के तहत दादा धूनीवाले गौरीशंकर दादा की कथा के माध्यम से नर्मदाजी व शिव के साक्षात स्वरूप को दर्शाती उनके भक्तों की कथा बताई।नर्मदा किनारे सदाव्रत व दान का महत्व भी बताया। इस अवसर कथा श्रवण करने हेतु दशोरा समाज से विभिन्न जिला,मंडल के पुरूष,महिलाएं इंदौर, खरगोन, बड़वानी,डही,भाबरा,जोबट व आसपास से बड़ी संख्या में विभिन्न समाजजन नगर के पत्रकारगण व गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी विभिन्न समाजों,पत्रकारों के साथ समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दशोरा नागर समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष हुकुम चंद गुप्ता, हेमेंद्र गुप्ता,आलीराजपुर जिलाध्यक्ष अश्विन नागर,बड़वानी पूर्व महिला जिला अध्यक्ष संगीता मंडलोई, वर्तमान जिलाध्यक्ष चेतना गुप्ता, कुक्षी नगर कार्यक्रम प्रमुख दिनेश गुप्ता, शशिकांत गुप्ता,आशीष सुंगधी,मयंक गुप्ता, बंटी गुप्ता, युग गुप्ता,ओम भाई सुंगधी,विनय गुप्ता व कुक्षी महिला मंडल सहित समाज उपस्थित रहे।

रेत परिवहन को रोकने गई टीम पर रेत माफ़िआओं ने टैक्टर चढ़ा दिया

झाबुआ। दिनांक 13 को कलेक्टर कार्यालय झाबुआ में वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ झाबुआ के फील्ड स्टाफ द्वारा ज्ञापन सोपा गया। बताया गया कि दिनांक 8 को मुरैना जिले में फॉरेस्ट एरिया से रेत परिवहन को रोकने गई वन विभाग की टीम पर रेत माफ़िआओं ने टैक्टर ट्राली चढ़ा दिया जिससे ष्हरकेश गुर्जर वनरक्षक मुरैनाष् की मौके पर ही मौत हो गई। वन कर्मचारियों ने इस संबंध में माफ़िआओं के विरुद्ध आवश्यक कारवाही करने की एवं मृत वनकर्मी को वन शाहिद का दर्जा दिलाने की मांग रखी गई। वन कर्मचारियों ने दिए ज्ञापन जिला कलेक्टरएजिला वन मंडल अधिकारीए वन मंडल.झाबुआ के नाम दिया गया है यह बताया गया है ज्ञापन में आगे बताएं कि दिवगंत बीट ऑफीसर स्वण्हरिकेश गुर्जर वनरक्षक की रेत माफ़िआओं द्वारा निर्मम हत्या में लिप्त अपराधियों को कड़ी सजा दिलाये जाए। जिसमें उल्लेख किया गया कि दिनांक 8 को गेम रेंज अम्बाह सामान्य वन मण्डल मुरैना वन माफ़िआओं और रेत माफ़िआओं के द्वारा बीट ऑफीसर हरिकेश गुर्जर वनरक्षक को कर्तव्य निर्वहन के दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर.ट्राली से बेरहमी पूर्वक कुचलते हुए सीधा उपर चड़ा दिया गयाए जिससे मौके पर ही हरिकेश गुर्जर वनरक्षक की अकास्मिक मृत्यू हो गई। जिसके विरोध स्वरूप वन एवं रेत माफ़िआओं की शीर्घ गिरफ्तारी और उनके विरूद्ध संगीन धाराओं के साथ.साथ रासुका के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के लिए और उक्त संलिप्त वन माफ़िआओं एवं रेत माफ़िआओं के विरुद्ध बुल्डोजर की कार्यवाही करने और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी कड़ी सजा दिलाये जाने के लिए वन मण्डल झाबुआ के समस्त वन कर्मी और एवं वन्य प्राणी संरक्षक कर्मचारी संघ के द्वारा आज मुख्यमंत्री से निवेदन किया है।

नवागत कलेक्टर के सख्त निर्देश कागजो पर नहीं ग्राउंड पर काम करे लापरवाही नहीं चलेगी कलेक्टर ने ली बैठक

झाबुआ। आज नवागत कलेक्टर डॉण्योगेश तुकाराम भरसट ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर सभा कक्ष में जिले के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की। विभागीय अधिकारियों से क्रमवार परिचय प्राप्त किया बैठक का उद्देश्य विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करना एवं आगामी कार्यों की रूपरेखा तय करना रहाए बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों से क्रमवार परिचय प्राप्त किया तथा उनके विभागों में संचालित योजनाओंए प्रमुख गतिविधियों एवं प्रगति की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने आगामी माह की कार्ययोजना ए निर्धारित लक्ष्यों एवं प्राथमिकताओं के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

सभी विभागों को सख्त निर्देश-कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए समय.सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपनी कार्ययोजना को स्पष्टए व्यवहारिक एवं परिणामोन्मुख बनाए। जिससे आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सकेए बैठक में कलेक्टर ने विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आपसी तालमेल से कार्य करने पर ही प्रशासनिक कार्यों में गति एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करनेए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा जन शिकायतों के प्रभावी समाधान पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त होकर कांग्रेस का दामन थामा

महीदपुर महिदपुर।विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमडी, बैजनाथ और भीमाखेड़ा में भाजपा की किसान विरोधी नीतियों से त्रस्त होकर बड़ी संख्या में साथियों ने शिव मंदिर परिसर काजीखेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस का दामन थामा। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार की गरिमामयी उपस्थिति में लगभग 20 साथियों ने विधिवत कांग्रेस परिवार में शामिल होकर शपथ ली। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने सभी साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है। आप को जब भी आवश्यकता होगी मैं आपके साथ खड़ा मिलूंगा।विधायक दिनेश जैन बोस ने सभी साथियों का कांग्रेस पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर आज सदस्यता लेने पर स्वागत करते हुए कहा कि मैं हमेशा आप सभी के सुख दुख में सम्मिलित रहूंगा और हम सब मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि जीतू मंडोरा,ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना,शहर अध्यक्ष सगीर बैग,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़,पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनजीतसिंह सिसोदिया,श्यामलाल चंद्रवंशी,महेन्द्रसिंह चौहान,राहुल मालवीय, जुगल पांचाल,आत्माराम परमार,सचिन सोनी वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम - महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम - केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर

धार - (राजीव जोशी)- सोमवार को होटल देव में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्रीमती सावित्री ठाकुर जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और निर्णय लेने में सहभागी बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। प्रेस वार्ता में धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती राखी राय महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती कुसुम सोलंकी जिला पंचायत सदस्य सुश्री गायत्री पुरोहित मोर्चा जिला महामंत्री सुनिता दुबे मंचासीन रहे। श्रीमती ठाकुर जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे अनेक कदमों से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव

आया है। इस अधिनियम के माध्यम से संसद एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 33 प्रतिशत तक आरक्षण प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के सम्मान, अधिकार और भागीदारी को सुनिश्चित करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जनधन खातों के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण हुआ, और मुद्रा योजना से महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए। इसके साथ ही 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की है। श्रीमती ठाकुर जी ने यह भी उल्लेख किया कि महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया, जिससे कार्यरत महिलाओं को सम्मानजनक वातावरण मिला। आज देश में महिलाओं की भागीदारी विज्ञान, तकनीक, शिक्षा और प्रशासन के हर क्षेत्र में निरंतर बढ़ रही है, जो एक विकसित भारत की नींव को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल वर्तमान को नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सशक्त बनाने का माध्यम है। यह अधिनियम महिलाओं को नीति निर्माण में अधिक अवसर प्रदान करेगा और देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा। अंत में, श्रीमती सावित्री ठाकुर जी ने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऐतिहासिक कदम भारत को महिला-नेतृत्व वाले विकास मॉडल की ओर अग्रसर करेगा और देश की बेटियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य), जिला इंदौर (म.प्र.)

(प्रशासनिक संकुल कक्ष क. जी 11)

इन्दौर, दिनांक 31-03-2026

क्रमांक/1430/अकरी-2026 **प्रकरण क्र.**/0613/**ब**-121/2025-2026

पेपर विज्ञप्ति

प्रति,

1. श्री संतोष पाठेकर पिता श्री भाटू पाठेकर
   पता नं. 1:- 137 न्यूटन नगर कॉलोनी, सेक्टर नं.। पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775
   पता नं. 2:- प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441
2. श्रीमती सलोनी पाठेकर पति श्री सुखराम पाठेकर
   पता नं. 1:- 137 न्यूटन नगर कॉलोनी, सेक्टर नं.। पिथमपुर जिला धार (म.प्र.) 454775
   पता नं. 2:- प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441

द्वारा:- पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, बंधक बैंक लिमिटेड शाखा का पता:- 304-305 बी एम टावर, लोटस शो रूम के सामने, सपना संगीता रोड़ इंदौर 452001 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया हैं कि **बंधक संपत्ति प्लाट नं. बी-02 ए, ओम श्री रेसीडेंसी कॉलोनी महूँगांव तहसील महूँ जिला इंदौर 453441** पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर **कक्ष क्रमांक जी-11 में दिनांक 15.04.2026 को दोपहर 03:00 बजे होगी।** आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरीक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इंदौर (म.प्र.)
दिनांक 31/03/26